# Teej Utsav - Celebrating Tradition & Fellowship

Rotary Club Brahmavarta hosted a colourful Teej Utsav at MVR Hotel, Kanpur, uniting 70 attendees, including 39 Rotarians, families, and guests. Dressed in vibrant Rajasthani attire, members enjoyed cultural performances, music, folk dances, and games, creating an evening of joy and bonding. The event also supported local artists and vendors, promoting community economic development. Led by Project Directors Rtn. Rashmi Agarwal, Gunjan Agarwal, Rtn. Kalpana Dadu, Rtn. Mahima Malhotra, and Ritu Agarwal, the celebration blended culture, tradition, and fellowship into a truly memorable experience.

## हरियाली तीज उत्सव : नारी शक्ति और मनोरंजन का संगम



**कानपुर।** रोटरी क्लब ब्रह्मावर्त ने हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राजस्थानी पारंपरिक परिधान में सदस्यों ने संस्कृति, नारी शक्ति और मनोरंजन का अद्‌भुत संगम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। साकेतनगर के एक होटल में हरियाली तीज उत्सव उत्साह से मनाया गया। सभी सदस्याएं भारतीय पारंपरिक परिधान में आयीं। पुरुषों ने भी उनका साथ दिया और ड्रेस कोड में आये। सभागार की साजसज्जा इस तरह की गयी कि पूरा माहौल तीज के रंग में रंग गया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कजरी गीतों पर राजस्थानी नृत्य किया गया, जिसने मन मोह लिया। महिलाओं ने हाऊजी, विविध गेम्स समेत कई अन्य खेल भी खेले, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़्चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ नारी शक्ति की अनूठी छवि देखने को मिली। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और संचालन सचिव रामसेवक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की संयोजन रश्मि अग्रवाल, रितु अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, कल्पना दादू और महिमा मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम में ज्यादातर सदस्यों ने परिवार के साथ भागीदारी की।

